# चित्रकूट पुलिस

(1). "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते

हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.05.2026 को प्रस्तावित ज्येष्ठ मास "शनिश्चरी अमावस्या मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में दिनांक 15.05.2026 को प्रातः 05.30 बजे से दिनाँक 17.05.2026 की मध्यरात्रि 12.00 बजे तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोड़कर) का कर्वी नगर क्षेत्र में प्रवेश एवं आवागमन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा तथा समस्त प्रकार के नो इंट्री पास भी निरस्त रहेंगे।
दिनांक 17.05.2026 के पश्चात आम जनमानस को सुगम व सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराये जाने एवं दुर्घटनाओं को रोकने हेतु कर्वी नगर में दिनांक 18.05.2026 से 30 दिवस तक या नवीन आदेश दिये जाने की तिथि, जो भी पहले हो, निम्नांकित विवरण के अनुसार भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोड़कर) का कर्वी नगर क्षेत्र में प्रवेश एवं आवागमन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा -

| क्र0सं0 | स्थान | प्रतिबंधित समय |
|---|---|---|
| 1. | लोढ़वारा मोड, राजापुर मार्ग | प्रातः 05.30 बजे से 21.30 बजे तक |
| 2. | रेहुटिया (रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व) प्रयागराज रोड | प्रातः 05.30 बजे से 22.00 बजे तक |
| 3. | खोह (पुलिस लाईन तिराहा) मानिकपुर रोड | प्रातः 05.30 बजे से 22.00 बजे तक |
| 4. | शेषनपुरवा मोड़ सोनेपुर, सतना रोड | प्रातः 05.30 बजे से 22.30 बजे तक |
| 5. | बेड़ी पुलिया (मत्यगजेन्द्रनाथ धर्मकांटा) बांदा रोड | प्रातः 05.30 बजे से 23.00 बजे तक |

1. प्रातः 05.30 बजे नो इन्ट्री बैरियर्स से प्रवेश किये हुए भारी माल वाहन प्रातः06.00 बजे तक प्रत्येक दशा में नो इन्ट्री क्षेत्र से बाहर निकल जायेगें।
2. नगर में वैवाहिक / धार्मिक / त्यौहार / जुलूस / झांकी / शोभा यात्रा / राजनैतिक कार्यक्रमों आदि के दृष्टिगत नो इन्ट्री के समय में परिवर्तन किये जाने पर परिवर्तन की सूचना नो इन्ट्री बैरियर पर ही दी जायेगी।

भारी एवं मध्यम माल वाहनों का रूट डायवर्जन प्लान

1-प्रयागराज की ओर से आने वाले वाहन-

☐ बोड़ी पोखरी से सरैयां से मानिकपुर तिराहा से मारकुण्डी से सतना म0प्र0।

☐ बोड़ी पोखरी से राजापुर से सरधुवा से कमासिन से बबेरू से बाँदा।
☐ बोड़ी पोखरी से राजापुर से पहाड़ी से ओरन बिसण्डा से बाँदा।
☐ बोड़ी पोखरी से राजापुर से कौशाम्बी।

2-कौशाम्बी की ओर से आने वाले वाहन-
☐ राजापुर से बोड़ी पोखरी से सरैयां से मानिकपुर तिराहा से मारकुण्डी से सतना म0प्र0
☐ राजापुर से सरधुवा से कमासिन से बबेरू से बाँदा।
☐ राजापुर से पहाड़ी से ओरन बिसण्डा से बाँदा।

3-बाँदा की ओर से आने वाले वाहन-
☐ जीरो प्वाइंट भरतकूप से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे होकर बदौसा-ओरन मार्ग से बिसण्डा ओरन से पहाड़ी से राजापुर से कौशाम्बी।
☐ जीरो प्वाइंट भरतकूप से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे होकर बदौसा-ओरन मार्ग से बिसण्डा ओरन से पहाड़ी से राजापुर से बोड़ी पोखरी से प्रयागराज।
☐ जीरो प्वाइंट भरतकूप से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे होकर बदौसा-ओरन मार्ग से बिसण्डा ओरन से पहाड़ी से राजापुर से बोड़ी पोखरी से सरैंया से मानिकपुर तिराहा से मारकुण्डी से सतना म0प्र0।
☐ जीरो प्वाइंट भरतकूप से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे होकर बदौसा-ओरन मार्ग से बिसण्डा ओरन से पहाड़ी से नांदी रोड से भौरी से प्रयागराज रोड।

4-सतना म0प्र0 (मारकुण्डी) की ओर से आने वाले वाहन-
☐ मानिकपुर से सरैयां तिराहा से बोड़ी पोखरी से प्रयागराज।
☐ मानिकपुर से सरैयां तिराहा से बोड़ी पोखरी से राजापुर से सरधुवा से कमासिन से बबेरू से बाँदा।
☐ मानिकपुर से सरैयां तिराहा से बोड़ी पोखरी से राजापुर से पहाड़ी से ओरन बिसण्डा से बाँदा।
☐ मानिकपुर से सरैयां तिराहा से बोड़ी पोखरी से राजापुर से कौशाम्बी।

5-सतना म0प्र0 (सोनेपुर रोड) की ओर से आने वाले वाहन-
☐ हनुमान धारा से रजौला तिराहा से बड़ी पाटिन मारकुण्डी से मानिकपुर से सरैंया तिराहा से बोड़ी पोखरी से प्रयागराज।
☐ बड़ी पाटिन मारकुण्डी से मानिकपुर से सरैयां तिराहा से बोड़ी पोखरी से राजापुर से कौशाम्बी।

दो पहिया/चार पहिया हल्के वाहनों का डायवर्जन
बेड़ी पुलिया से जानकी कुण्ड एवं सतना की ओर जाने वाले वाहन-

□ बेड़ी पुलिया से मंदाकिनी नदी पुल से धनुष चौराहा से एलआईसी तिराहा से सोनेपुर रोड होते हुए जानकी कुण्ड एवं सतना म0प्र0 की ओर

(3).आज दिनाँक 15.05.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स चित्रकूट में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ,तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए, स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ करायी गयी परेड में शामिल अधिकारी/कर्मचारीगण को अनुशासन,एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में बताया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार/दो पहिया वाहनों,112 पीआरवी वाहन तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को वाहनों की कमियों को दूर करने हेतु निर्देशित किया गया तथा डायल 112 कार्यालय,आवास परिसर,बैरक,सीपीसी कैन्टीन,मंदिर,भोजनालय,ऑर्मरी का निरीक्षण कर अर्दली रुम किया गया।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री यामीन अहमद व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(4). आज दिनांक 15.05.2026 को जेष्ठ मास अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु मंदाकिनी भवन सीतापुर में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकान्त राय की अध्यक्षता में मेला में तैनात पुलिस बल के साथ ब्रीफिंग की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस फोर्स अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर तैनात रहकर मेला को सकुशल संपन्न कराए। सभी पुलिस अधिकारी हैंडसेट लाउड हेलर अवश्य प्राप्त कर लें सभी पुलिस जोनल प्रभारी अपने क्षेत्र का भ्रमण करके जिन प्वांइट पर ड्यूटी लगी है वह समय से ड्यूटी करें अगर कोई ड्यूटी के प्रति शिथिलता बरते तो उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए रिपोर्ट प्रेषित करें। पुरे पुलिस फोर्स को 03 जोन व 10 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा 03 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 14 थाना प्रभारी निरीक्षक/निरीक्षक, 65 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 210 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल,56 महिला कांस्टेबल, 03 निरीक्षक/उपनिरीक्षक यातायात, 19 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल यातायात, 02 उ0नि0 एलआईयू, 06 हेड कान्सटेबल/कान्सटेबल एलआईयू,01 डॉग स्क्वायड,01बीडीएस, 01 एसचेक, पीएससी की एक कम्पनी फोर्स,एक प्लाटून फ्लड कम्पनी,की डियूटी लगाई गई है।

इस दौरान मेला में लगे समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।